## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान मंत्रिमण्डल बैठक (03 दिसंबर, 2025) |
| 2. | इंडिया टूरिज्म डेटा कंपेंडियम-2025 में राजस्थान की स्थिति |
| 3. | बाल विवाह मुक्त राजस्थान |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. फलौदी वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर |
| 5. | केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 |
| 6. | भारतीय समुद्री सिद्धांत-2025 |
| 7. | सर्कुलर इकोनॉमी पर रोड शो |
| 8. | PM मित्र पार्क |
| 9. | SOLAW रिपोर्ट-2025 |
| 10. | अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस, 2025: 3 दिसम्बर |
| 11. | सुकाफा दिवस |
| 12. | FEI एशियन इक्वेस्ट्रियन चैंपियनशिप, 2025 |
| 13. | विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल, 2025 |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान मंत्रिमण्डल बैठक (03 दिसंबर, 2025)

### चर्चा में क्यों?

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हाल ही में राजस्थान मंत्रिमण्डल की बैठक में 3 महत्त्वपूर्ण नीतियों का अनुमोदन किया गया।



### मुख्य बिन्दु:

**नव अनुमोदित नीतियों में शामिल है –**

- **नॉन-रेजिडेंट राजस्थानी पॉलिसी ऑफ राजस्थान-2025 (NRR पॉलिसी):** प्रवासी राजस्थानियों का राज्य के साथ सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक जुड़ाव को मजबूत करना इस नीति का प्राथमिक उद्देश्य होगा। इस नीति के माध्यम से राज्य सरकार निवेश, व्यापार, ज्ञान के आदान-प्रदान, शोध और सामाजिक सरोकारों में अनिवासी राजस्थानियों के योगदान को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल माहौल तैयार करेगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- साथ ही, NRR इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन सेल की स्थापना की जाएगी।
- राजस्थान फाउंडेशन चैप्टर्स में इन्वेस्टमेंट कॉर्डिनेटर्स नियुक्त होंगे।
- इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी काउंसिल गठित होंगी।
- **राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी-2025 :** बिग ट्रेड, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म व लॉजिस्टिक नेटवर्क जैसे समान अवसर छोटे और स्थानीय व्यापारियों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस नीति का अनुमोदन किया गया है। सरकार द्वारा इस पॉलिसी में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' सुधारों को महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया है।
- 1 करोड़ तक के ऋण पर 6 प्रतिशत तथा 1 से 2 करोड़ तक के ऋण पर 4 प्रतिशत ब्याज अनुदान।
- महिला, SC, ST और दिव्यांग उद्यमियों को 1 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान दिया जाएगा।
- ऑनलाइन प्लेटफॉर्म इस्तेमाल करने वाले व्यापारियों को फीस का 75 प्रतिशत तक (अधिकतम 50 हजार रूपये) सहायता मिलेगी।
- **राजस्थान पर्यटन नीति-2025 :** देश और विदेश के महत्त्वपूर्ण पर्यटन गंतव्य के रूप में प्रसिद्ध राजस्थान में निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहन देने, पर्यटन अवसंरचना के विकास, प्रमुख पर्यटन स्थलों की कनेक्टिविटी सुधार तथा पर्यटन इकाइयों के लिए अनुकूल परिवेश तैयार करने के उद्देश्य से राज्य सरकार यह नीति लेकर आई है। इस नीति में पर्यटन हब की स्थापना, शौर्य सर्किट और प्रोजेक्शन मैपिंग तथा राजस्थान ट्रेवल कार्ड आदि जैसे व्यापक प्रावधान किए गए हैं।
- अन्य प्रावधानों में चयनित जिलों में विशेष पर्यटन क्षेत्र (STZ) का विकास, सांस्कृतिक विरासत एवं स्थानीय क्राफ्ट को बढ़ावा देने हेतु क्राफ्ट म्यूजियम, डिजिटल संग्रहालयों का विकास तथा वैलनेस टूरिज्म के उन्नयन जैसे महत्त्वपूर्ण उपाय शामिल हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान पर्यटन इकाई नीति (RTUP) – 2024

- **लॉन्च :** 4 दिसम्बर, 2024
- **उद्देश्य :** राजस्थान पर्यटन से जुड़े निवेशकों एवं उद्यमियों को देय लाभों में वृद्धि करने तथा निजी क्षेत्र में नई पर्यटन इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित कर इसके माध्यम से रोजगार एवं उद्यमिता के अवसर उपलब्ध करना।
- यह नीति हेरिटेज होटलों और संपत्तियों के लिए छूट प्रदान करने, निजी क्षेत्रों में उपलब्ध विरासत संपत्तियों का लाभ उठाने पर मुख्य रूप से जोर देती है। इसके अतिरिक्त, पर्यटन नीति में होटल, रेस्तरां और अन्य पर्यटन-संबंधित प्रतिष्ठानों को संचालित करने के लिए लाइसेंस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया गया है।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:


- **राजस्थान जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) अध्यादेश-2025 :** भारत सरकार के जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम-2023 की तर्ज पर राज्य में 'राजस्थान जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) अध्यादेश-2025' के प्रारूप को मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। इस अध्यादेश के द्वारा राजस्थान में 11 अधिनियमों में से आपराधिक प्रावधान हटाए जाएंगे। जैसे - राजस्थान वन अधिनियम-1953 की धारा 26 (1) (A) में वन भूमि में मवेशी चराने पर 6 माह तक कारावास या ₹500 तक जुर्माने अथवा दोनों का प्रावधान था। संशोधन के बाद उल्लंघन पर केवल जुर्माना लगाए जाने का प्रावधान होगा।
- **अनुकम्पा नियुक्ति :** अनुकम्पा नियुक्ति हेतु वर्तमान में सरकारी कार्मिक के निधन की दिनांक से 90 दिन की समय सीमा में आवेदन करना होता है। राज्य मंत्रिमंडल द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन करने की समय सीमा को 90 से बढ़ाकर 180 दिवस करने को स्वीकृति प्रदान की गई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# इंडिया टूरिज्म डेटा कंपेंडियम-2025 में राजस्थान की स्थिति

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय की रिपोर्ट 'इंडिया टूरिज्म डेटा कंपेंडियम-2025' में राजस्थान को देशी और विदेशी पर्यटकों के आगमन में भारत के शीर्ष – 5 राज्यों में स्थान प्राप्त हुआ।




## मुख्य बिन्दु:

- साथ ही, रिपोर्ट में दौसा स्थित चाँद बावड़ी (आभानेरी) 1.16 लाख विदेशी पर्यटकों के साथ देश में सबसे अधिक देखे जाने वाले 5 प्रमुख स्मारकों में शामिल रही।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### देशी पर्यटकों के आगमन के लिहाज से शीर्ष-5 राज्य:

| रैंक | राज्य | हिस्सेदारी (प्रतिशत में) |
|---|---|---|
| 1st | उत्तर प्रदेश | 21.94 |
| 2nd | तमिलनाडु | 10.41 |
| 3rd | कर्नाटक | 10.33 |
| 4th | आंध्र प्रदेश | 9.85 |
| 5th | राजस्थान | 7.80 (पर्यटक: 23.8 करोड़) |

### विदेशी पर्यटकों के आगमन के लिहाज से शीर्ष-5 राज्य:

| रैंक | राज्य | हिस्सेदारी (प्रतिशत में) |
|---|---|---|
| 1st | महाराष्ट्र | 17.69 |
| 2nd | पश्चिम बंगाल | 14.92 |
| 3rd | उत्तर प्रदेश | 10.83 |
| 4th | गुजरात | 10.86 |
| 5th | राजस्थान | 9.90 (पर्यटक: 20 लाख) |

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

- **चाँद बावड़ी :** आभानेरी
- **निर्माण :** निकुंभ राजवंश के राजा चाँद (चंद्र) द्वारा।
- यह राजा 8-9वीं सदी में प्राचीन आभानगरी या आभानेरी पर शासन करता था।
- **विशेषता :** यह बावड़ी वर्गाकार है तथा 19.5 मीटर गहरी है, जिसका प्रवेश द्वार उत्तर की ओर है।
- बावड़ी में उतरने के लिए तीन तरफ से दोहरे सोपान की व्यवस्था है, जबकि उत्तरी भाग में स्तंभों पर आधारित एक बहुमंजिली दीर्घा निर्मित है।
- इस दीर्घा से प्रक्षेपित दो मंडपों में महिषासुरमर्दिनी एवं गणेश की सुन्दर प्रतिमाएं प्रतिष्ठित है।
- बावड़ी का प्राकार, पार्श्व बरामदे एवं प्रवेश मंडप मूल योजना में नहीं थे एवं इनका निर्माण बाद में किया गया।
- यह बावड़ी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) द्वारा संरक्षित है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# बाल विवाह मुक्त राजस्थान

## चर्चा में क्यों?

- केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा 4 दिसंबर, 2025 को नई दिल्ली से 'बाल विवाह मुक्त भारत' के लिए "100 दिनों के विशेष अभियान" का शुभारंभ किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- **राजस्थान का लक्ष्य :** वर्ष 2030 तक राज्य को बाल विवाह से पूर्णरूप से मुक्त करना।
- ज्ञातव्य है कि राजस्थान में बाल अधिकारिता विभाग द्वारा अप्रैल, 2025 में 'बाल विवाह मुक्त राजस्थान अभियान' प्रारंभ किया गया था।
- **अभियान का केंद्र बिंदु :** सशक्त स्थानीय नेतृत्व के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता को मजबूत बनाना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 एवं राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार राजस्थान में बाल विवाह की प्रसार दर 35.4 प्रतिशत से घटकर 25.4 प्रतिशत हो गई है।
- **ऑपरेशन लाडली :** राजस्थान पुलिस द्वारा बाल विवाह रोकने के लिए चलाया गया।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

- **मुख्यमंत्री कन्यादान योजना :** इस योजना का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की कन्याओं के विवाह के लिए प्रोत्साहन देना है।

**योजना के माध्यम से लाभ :**

- **श्रेणी I :** 18 वर्ष या उससे अधिक आयु की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक बी.पी.एल. परिवारों की कन्याओं के विवाह हेतु ₹31,000 की राशि। इसके अतिरिक्त, 10वीं पास कन्याओं के लिए ₹10,000 (कुल ₹41,000) और स्नातक पास कन्याओं के लिए ₹20,000 (कुल ₹51,000) की राशि दी जाती है।
- **श्रेणी II :** बी.पी.एल. परिवारों, अंत्योदय परिवारों, आस्था कार्डधारकों, आर्थिक रूप से कमजोर विधवाओं, विशेष योग्यजन व्यक्तियों, पालनहार लाभार्थियों और 18 वर्ष या उससे अधिक आयु की महिला खिलाड़ियों के विवाह हेतु ₹21,000 की धनराशि का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त, 10वीं पास कन्याओं के लिए ₹10,000 और स्नातक पास कन्याओं के लिए ₹20,000 की राशि दी जाती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **फलौदी वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर**<br>■ केंद्र सरकार के 'वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम' में फलौदी ने पहला स्थान प्राप्त किया।<br>■ प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत फलौदी के घंटियाली और लोहावट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसके लिए इन्हें ₹20-20 लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। |

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025

### चर्चा में क्यों?

- 1 दिसम्बर, 2025 को वित्त मंत्रालय द्वारा लोकसभा में केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 प्रस्तुत किया गया तथा 3 दिसम्बर, 2025 को इस विधेयक को लोकसभा द्वारा पारित किया गया।

### मुख्य बिन्दु:

- **उद्देश्य:** केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम 1984 में संशोधन कर तम्बाकू उत्पादों पर उत्पाद शुल्क और उपकर की दर बढ़ाना है।
- **कारण:**
  1. वित्त मंत्रालय के अनुसार सरकार का स्वास्थ्य व्यय 2014-15 से 2021-22 के मध्य GDP के 1.13 प्रतिशत से बढ़कर 1.84 प्रतिशत हो गया है।
  2. विश्व में तम्बाकू से होने वाली मृत्यु में 17 प्रतिशत भारत में होती है।
  3. तम्बाकू के उत्पादों के उपयोग के कारण होने वाला आर्थिक नुकसान सालाना लगभग 2 लाख करोड़ रुपये है।
- इस विधेयक के अतिरिक्त सरकार ने एक पुरक विधेयक, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025 भी प्रस्तुत किया है, जिसका लक्ष्य पान मसाला तथा अन्य संभावित 'अस्वास्थ्यकर' उत्पादों पर एक नए उपकर के राजस्व स्त्रोतों को और अधिक सुदृढ़ करना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 के प्रमुख प्रावधान:-

1. **तम्बाकू पर उत्पाद शुल्क दृद्धि-** अनिर्मित (कच्चे) तम्बाकू जैसे सुखे तम्बाकू पर शुल्क 64 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत किया जाएगा।
2. **सिगरेट पर शुल्क वृद्धि-** वर्तमान में सिगरेटों पर उत्पाद शुल्क 200 रुपये से 735 रुपये प्रति हजार है, जिसे बढ़ाकर 2700 रुपये से 11000 प्रति हजार कर दिया जाएगा।
3. **अन्य तम्बाकू उत्पादों पर वृद्धि-**

A. चबाने वाले तम्बाकू पर शुल्क 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत।

B. हुक्का एवं गुड़ाकू तम्बाकू पर शुल्क 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत।

C. पाइप व सिगरेट के लिए प्रयुक्त धुम्रपान मिश्रण पर शुल्क 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 325 प्रतिशत किया जाएगा।

### प्रभाव:

1. राजस्व सुदृढ़ीकरण व राज्य सरकारों का राजस्व संरक्षण (मजबूत संघवाद)।
2. स्वास्थ्य नीति के अनुरूप।
3. **बाजार प्रभाव –** उपभोग पैटर्न में बदलाव व अवैध व्यापार में वृद्धि।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारतीय समुद्री सिद्धांत-2025

## चर्चा में क्यों?

- भारतीय नौसेना का समुद्री सिद्धांत-2025 नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी द्वारा जारी किया गया।

## मुख्य बिन्दु:

### भारतीय समुद्री सिद्धांत-

- यह नौसेना का सर्वोच्च मार्गदर्शक दस्तावेज है, जो संघर्ष के सम्पूर्ण परिदृश्य में इसकी रणनीति, भूमिका और नियोजन को नियंत्रित करने वाले सिद्धांतों को निर्धारित करता है।
- इसे पहली बार 2004 में जारी किया गया, 2009 में संशोधित किया गया और 2015 में संशोधित किया गया।
- यह सशस्त्र बलों में अंतर-संचालन सुनिश्चित करने के लिए तीनों सेनाओं के संयुक्त सिद्धांतों के साथ तालमेल बिठाकर संयुक्त कौशल को प्राथमिकता देता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## सर्कुलर इकोनॉमी पर रोड शो


### चर्चा में क्यों?

- फिनलैण्ड सर्कुलर इकॉनमी के बारे में जागरूकता एवं व्यापारिक अवसरों का पता लगाने के लिए प्रमुख भारतीय शहरों में रोड शो आयोजित करेगा।

### मुख्य बिन्दु:

**चक्रीय अर्थव्यवस्था-**

- चक्रीय अर्थव्यवस्था एक आर्थिक मॉडल है जो अपशिष्ट को कम करने, वस्तुओं के पुन: उपयोग और दीर्घकालिक पर्यावरणीय तथा आर्थिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली स्थायी प्रणालियों के निर्माण पर केन्द्रित है।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **भारत की चक्रीय अर्थव्यवस्था का बाजार मूल्य 2 ट्रिलियन डॉलर तथा वर्ष 2050 तक 10 मिलियन नौकरियाँ सृजित होने की उम्मीद है।**

**भारत की पहलें-**

1. **स्वच्छ भारत मिशन :- Reduce, Reuse, Recycle जैसे सिद्धांतों के साथ शहरी अपशिष्ट प्रबंधन को कम करना।**
2. **गोबर-धन योजना :- वेस्ट टू वेल्थ जैसे दृष्टिकोण से प्रेरित पहल है।**
3. **ई-अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2022 :- चक्रीय अर्थव्यवस्था की प्रथाओं को मजबूत करने के लिए।**
4. **विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ERP) : उद्योगों को प्लास्टिक अपशिष्ट के लिए जबावदेही लेने के लिए प्रोत्साहित करना।**
5. **जयपुर में 3R एवं सर्कुलर इकॉनमी फोरम- (मार्च, 2025) आयोजित किया गया।**

UTKARSH CIVIL SERVICES

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## PM मित्र पार्क

### चर्चा में क्यों?

- कपड़ा राज्य मंत्री श्री पबित्रा ने 2 दिसम्बर, 2025 की लोकसभा में लिखित प्रश्न के उत्तर में पीएम मित्र पार्कों के संबंध में जानकारी दी।

### मुख्य बिन्दु:

**उद्देश्य:**

- सरकार ने निवेश, रोजगार सृजन एवं वैश्विक समन्वय को बढ़ाने के लिए 2021-22 से 2027-28 की अवधि के लिए 7 पीएम मित्र पार्कों को स्थापित करने की मंजूरी दी।
- इन पार्कों में प्लग एंड प्ले सुविधा के साथ विश्व स्तरीय बुनियादी ढाँचा उपलब्ध करवाया जाएगा।


**चयनित स्थल:**

1. विरुद्धनगर (तमिलनाडु)
2. नवसारी (गुजरात)
3. कलबुर्गी (कर्नाटक)
4. धार (मध्य प्रदेश)
5. वारंगल (तेलंगाना)
6. अमरावती (महाराष्ट्र)
7. लखनऊ (उत्तर प्रदेश)

- **कार्यान्वयन संस्था –** केंद्र व राज्य सरकार के स्वामित्व वाली विशेष प्रयोजन संस्था।
- **लॉन्च –** वस्त्र मंत्रालय।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## PM मित्र पार्क





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## SOLAW रिपोर्ट-2025

### चर्चा में क्यों?

- खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) ने खाद्य एवं कृषि के लिए विश्व के भूमि और जल संसाधनों की स्थिति (SOLAW) 2025 रिपोर्ट जारी की।

### मुख्य बिन्दु:

#### अतिरिक्त जानकारी

- SOLAW रिपोर्ट प्रत्येक 2 वर्षों में जारी की जाती है।
- SOLAW- वर्ष 2025 रिपोर्ट भूमि, मृदा और जल संसाधनों की अदृश्य और अप्रयुक्त क्षमता के उपयोग पर केन्द्रित है, ताकि संधारणीय कृषि उत्पादन, खाद्य सुरक्षा, अनुकूलन और पारिस्थितिक तंत्र सेवाओं में वृद्धि की जा सके।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस, 2025: 3 दिसम्बर

### चर्चा में क्यों?

- संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1992 से प्रतिवर्ष 3 दिसम्बर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया जाता है।

### मुख्य बिन्दु:

- **उद्देश्य:** समाज में दिव्यांगजनों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देना तथा राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाना।
- **वर्ष 2025 की थीम:** "सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने को लिए दिव्यांग-सम्मिलित समाज का निर्माण"

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- **सुगम्य भारत अभियान –** 3 दिसम्बर, 2025 को लॉन्च।
- **विभाग –** दिव्यांगजन अधिकारिता विभाग।

**महत्त्वपूर्ण वर्ष –**

- **वर्ष 2006 :** विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर अभिसमय।
- **वर्ष 2015:** विकलांग के स्थान पर "दिव्यांगजन" शब्द का प्रयोग।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सुकाफा दिवस

## चर्चा में क्यों?

- प्रधामंत्री ने असमिया लोगों को असोम दिवस या सुकाफा दिवस पर बधाई दी। यह दिवस स्वर्गदेव छौलुंग सुकफा के जीवन यात्रा के संदर्भ में मनाया जाता है।

## मुख्य बिन्दु:

### स्वर्गदेव छौलुंग सुकफा

- ये ताइ राउय मोंग माओ के राजकुमार थे, जो वर्तमान युन्नान (चीन) में है।
- इन्होंने 1228 में असम में प्रवेश किया।

### योगदान-

- **अहोम साम्राज्य की स्थापना-** 1253 ई. में चेरायदेव को राजधानी घोषित करके अहोम साम्राज्य की स्थापना की।
- **क्षेत्र :-** सम्पूर्ण ब्रह्मपुत्र घाटी
- अंग्रेजों ने 1826 ई. में अस्थाई रूप से इस राज्य को अपने अधीन कर लिया तथा 1836 ई. में सम्पूर्ण राज्य को पूरी तरह से अधीन कर लिया।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## FEI एशियन इक्वेस्ट्रियन चैंपियनशिप, 2025

### चर्चा में क्यों?

- FEI एशियन इक्वेस्ट्रियन चैपियनशिप, 2025 में भारतीय दल ने कुल 05 पदक जीते।

### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन:** 23 नवम्बर से 3 दिसम्बर, 2025 तक थाइलैंड के पटाया में।
- **संस्करण:** द्वितीय
- **भारतीय दल:** पहली बार भाग लिया (16 सदस्यीय दल)

**प्रमुख भारतीय खिलाड़ी**

1. **आशिष लिमये –** वेंटिग स्पर्धा में टारगेट एशियन गेम्स ग्रुप (TAGG) स्कीम के एथलीट लिमये ने स्वर्ण पदक जीता।
2. **शशांक सिंह कटारिया और शशांक कनमुरी –** टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता।
3. **श्रुति वोरा –** ड्रेसाज खिलाड़ी वोरा ने कुल 3 रजत पदक जीते।

- एक व्यक्तिगत स्पर्धा में, दुसरा इंटरमीडिएट फ्रीस्टाइल-I में और तीसरा टीम ड्रेसाज में।

4. टीम स्पर्धा में TAGG एथलीट दिव्यकृति सिंह, गौरव पुंडीर और श्रुति वोरा शामिल थी


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल, 2025

## चर्चा में क्यों?

- भारत के ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में संपन्न विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल, 2025 में भारत ने कुल 20 पदक हासिल किए।

## मुख्य बिन्दु:

- **मेजबान शहर :** ग्रेटर नोएडा, उत्तरप्रदेश
- **भारत का प्रदर्शन:** 20 पदक (9 स्वर्ण, 6 रजत और 5 कांस्य)।
- **भारत के स्वर्ण पदक विजेता -** कुल 9 (7 महिलाएँ + 2 पुरुष)

| क्र.सं. | खिलाड़ी | वर्ग | हराया |
|---|---|---|---|
| 1. | जैस्मिन लेम्बोरिया | 57 कि.ग्रा. | वू शिह यी (चीन) |
| 2. | निकहत ज़रीन | 51 कि.ग्रा. | जुआन यी मुओ (चीन) |
| 3. | परवीन हुड़ा | 60 कि.ग्रा. | अयाका तागुची (जापान) |
| 4. | अरूंधति चौधरी | 70 कि.ग्रा. | अज़ीजा ज़ोकिरोवा (उज्बेकिस्तान) |
| 5. | प्रीति पवार | 54 कि.ग्रा. | सिरीन चाराबी (इटली) |
| 6. | मीनाक्षी हुड़ा | 48 कि.ग्रा. | फोजिलोवा फरजोना (उज्बेकिस्तान) |
| 7. | नुपूर श्योराण | 80+ कि.ग्रा. | ओलिटनोय सोटिम्बोएवा (उज्बेकिस्तान) |
| 8. | सचिन सिवाच | 60 कि.ग्रा. | मुनारबेक सीटबेक उल (किर्गिस्तान) |
| 9. | हितेश गुलिया | 70 कि.ग्रा. | मुर्सल नुरबेक (कजाकिस्तान) |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### रजत पदक विजेता

1. **अंकुश पंघाल (80 किग्रा) – इंग्लैंड  के ओलाडिमेजी शिट्टू से हार गए।**
2. **अभिनाश जामवाल (65 किग्रा) – जापान के शियोन निशियामा से हार गए।**
3. **पवन बर्तवाल (55 किग्रा) – उज्बेकिस्तान के समंदर ओलिमोव से हारे।**
4. **जदुमणि सिंह (50 किग्रा) – उज्बेकिस्तान के असिलबेक जालिलोव से हार गए।**

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR